पत्रांक–9 / राजस्व संग्रहण (प्राप्तियाँ) 05 / 2024–..............................(9) / रा0,

# बिहार सरकार
## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

**प्रेषक,**

**जय सिंह,**
**सचिव।**

**सेवा में,**

ई–मेल

**सभी समाहर्त्ता,**
**बिहार।**

पटना–15, दिनांक–...............................

**विषयः– विभिन्न वित्तीय वर्षों में सैरात बन्दोबस्ती से संबंधित बकाया राशि** (Outstanding dues) **की वसूली के संबंध में।**

महाशय,

आप अवगत हैं कि विभाग अन्तर्गत अप्रैल श्रेणी एवं अक्टूबर श्रेणी के विभिन्न सैरातों की बन्दोबस्ती की कार्रवाई प्रत्यायोजित शक्तियों के अधीन सक्षम प्राधिकार के अनुमोदनोपरान्त जिला स्तर पर की जाती है। बन्दोबस्ती की स्वीकृति के पश्चात् संबंधित बन्दोबस्तधारी द्वारा बन्दोबस्त राशि पूर्णतः या अंशतः जिला स्तर पर ही जमा की जाती है। विभागीय प्रावधानों के अनुसार सम्पूर्ण बन्दोबस्त राशि की वसूली बन्दोबस्ती अवधि की समाप्ति के दो माह पूर्व अवश्य कर लिया जाना है। तथापि, ऐसे मामले परिलक्षित हुए हैं कि विभिन्न वित्तीय वर्षों में सैरात बन्दोबस्ती से संबंधित एक बड़ी बकाया बन्दोबस्त राशि वर्तमान में वसूलनीय है।

अतएव उक्त तथ्यों के आलोक में यह निदेश दिया जाता है कि जिला स्तर पर ऐसे सभी मामलों की गहन समीक्षा कर ली जाय तथा विभागीय प्रावधानों के अनुसार सैरात बन्दोबस्ती संबंधी सभी बकाये राशि की वसूली विशेष अभियान संचालित कर सुनिश्चित की जाय तथा वसूल की गई राशि संगत राजस्व शीर्ष में जमा करने की कृपा की जाय। एतदर्थ, अधीनस्थ अपर समाहर्त्ता को इस अभियान का नोडल पदाधिकारी के रूप में प्राधिकृत कर वांछित कार्रवाई ससमय सुनिश्चित किया जाय।

**कृपया इसे अत्यावश्यक समझा जाय।**

**विश्वासभाजन**

**ह० / –**
**(जय सिंह)**
**सचिव।**

ई–मेल

ज्ञापांकः–9 / राजस्व संग्रहण (प्राप्तियाँ) 05 / 2024–..........................(9) / रा0, पटना–15, दिनांक– ..........................

प्रतिलिपिः– सभी प्रमंडलीय आयुक्त, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि कृपया विषयगत मामले का अनुश्रवण अपने स्तर से भी करने की कृपा करेंगे।

**ह0 / –**
**(जय सिंह)**
**सचिव।**

ज्ञापांकः–9 / राजस्व संग्रहण (प्राप्तियाँ) 05 / 2024–....................(9) / रा0, पटना–15, दिनांक– ....................

<u>**ई–मेल**</u>

प्रतिलिपिः– सभी अपर समाहर्त्ता, बिहार / सभी भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, बिहार एवं सभी अंचलाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**ह0 / –**
**(जय सिंह)**
**सचिव।**

ज्ञापांकः–9 / राजस्व संग्रहण (प्राप्तियाँ) 05 / 2024–340 (9) / रा0, पटना–15, दिनांक– 31-01-2025

प्रतिलिपिः– विभागीय आई0 टी0 प्रबंधक को विभागीय वेबसाईट पर प्रकाशनार्थ प्रेषित।

31/1/25

**(जय सिंह)**
**सचिव।**